# प्रेस नोट

## दिनांक- 28.03.2024

**गोरखपुर जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2024 में गोंडा पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान लाकर "चल बैजन्ती" चैंपियनशिप जीतने पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा टीम को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना देकर बधाई दी गई।**

गोरखपुर जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस बालीबाल-क्लस्टर, बास्केटबाल, हैंडबॉल, योगा, सेपक टेकरा एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन दिनांक 18.03.2024 से 22.03.2024 तक जनपद महाराजगंज में संपन्न हुआ था। जिसमें गोरखपुर जोन के पुलिस खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। गोरखपुर जोन में जनपद गोंडा के बास्केटबाल के पुरुष खिलाडियों द्वारा टीम प्रभारी व कोच के कुशल नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में जनपद देवरिया को 20 अंको से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए चल बैजंती शील्ड(चैम्पियनशीप) पर कब्जा किया गया। वही योगा के क्षेत्र (28 से 35 वर्ष की आयु) मे आरक्षी नवीन प्रताप सिंह द्वारा गोल्ड मेडल व (35 से 45 वर्ष की आयु) मुख्य आरक्षी सरताज अहमद द्वारा सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सेपक टेकरा खेल में कोच के कुशल नेतृत्व में महिला खिलाडियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद गोण्डा उपविजेता( द्वितीय स्थान) रही। जिन्हे सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आज दिनांक 28.03.2024 को गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस बालीबॉल प्रतियोगीत वर्ष- 2024 में गोंडा पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान लाकर "चल बैजन्ती" चैंपियनशिप जीतने पर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए देकर बधाईयां दी गई तत्पश्चात् खिलाडियों से एक-एक करके वार्ता किया गया तथा उनके अभ्यास में आ रही समस्याओं/ कठिनाईयों के बारे में जानकारी की गयी तथा खेल से सम्बन्धित उपकरणों को समय से खिलाडियों को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**गोण्डा से शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का नाम**

उ0नि0 प्रेमचंद राव, मु0आ0 अवधेश यादव, मु0आ0ओंकार विश्वकर्मा, मु0आ0भूपेंद्र गुप्ता, मु0आ0 नीरज कुमार, मु0आ0 शंभू, मु0आ0 नितेश कुमार, मु0आ0 शैलेश मौर्या, आरक्षी मंगतराम, आरक्षी आयुष कुमार यादव, मु0आ0-दिनेश कुमार, आरक्षी राहुल यादव, आरक्षी शनि सिंह, आरक्षी अजय कुमार, आरक्षी राजकुमार राणा, का0 दिनेश सिंह, मु0आ0अफजल अली मु0आ0 ढुनमुन साहनी, म0आ0 रचना कुमारी, म0आ0 संध्या रावत, म0आ0 वर्षा सिंह , म0आ0 अनीता चौरसिया , म0आ0 वंदना तिवारी, म0आ0 सरस्वती पाठक , म0आ0 नीतू गौतम, म0आ0 लक्ष्मी सिंह, म0आ0 प्रांशी यादव, म0आ0 नेहा सिंह, म0आ0 रूपाली ।

## **प्रेस नोट**

## **दिनांक 28.03.2024**

**थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा गैगेस्टर एक्ट के 02 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-93/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित नामजद 02 आरोपी अभियुक्तों 01. विनय कुमार उपाध्याय 02. रत्नेश कुमार उपाध्याय को मंगुरा बाजार चौकी गेट के पास गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 27.03.2024 को थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के अंतर्गत थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-93/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट, बनाम 01. विनय कुमार उपाध्याय 02. रत्नेश कुमार उपाध्याय के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उमरीबेगमगंज पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत नामजद आरोपी अभियुक्त 01. विनय कुमार उपाध्याय 02. रत्नेश कुमार उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा गिरोह बनाकर अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु आमजन लोगो के साथ गाली गलौज मारपीट, जान से मारने की धमकी, हत्या आदि अपराध करते है। इस गैंग का लीडर विनय कुमार उपाध्याय है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण**

01. विनय कुमार उपाध्याय पुत्र स्व0 प्रेम किशोर उपाध्याय निवासी ग्राम मंगूरा बाजार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोंडा।
02. रत्नेश कुमार उपाध्याय पुत्र स्व0 प्रेमकिशोर उपाध्याय निवासी ग्राम मंगूरा बाजार थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोंडा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-93/2024, धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार गौतम
02. उ0नि0 संजीव चौहान
03. का0 रोहित मौर्या

**अभियुक्त विनय कुमार उपाध्याय का अपराधिक इतिहासः-**

01. मु0अ0स0-35/2020 धारा 302,307,34 भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना उमरीबेगमगंज गोंडा।
02. मु0अ0स0-101/2022 धारा-323/504/506/452/427 भावि थाना परसपुर गोण्डा ।
03. मु0अ0स0-42/2024 धारा 504/506 आईपीसी थाना उमरी बेगमगंज गोण्डा ।

04. एन0सी0आर-27/2022 धारा 323/504 आईपीसी उमरी बेगमगंज गोण्डा।

05. मु0अ0स0-286/2023 धारा 323/504/506/452 आईपीसी थाना उमरी बेगमगंज गोण्डा।

**अभियुक्त रत्नेश कुमार उपाध्याय का अपराधिक इतिहासः-**

01. मु0अ0स0. 35/2020 धारा 302,307,34 भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना उमरीबेगमगंज गोंडा।

02. मु0अ0स0-101/2022 धारा-323/504/506/452/427 आईपीसी थाना परसपुर गोण्डा।

03. मु0अ0स0- 42/2024 धारा 504/506 आईपीसी थाना उमरी बेगमगंज गोण्डा

04. एन0सी0आर- 27/2022धारा 323/504 आईपीसी उमरी बेगमगंज गोण्डा।

**मीडिया सेल, गोण्डा**

## प्रेस नोट

## दिनांक 28.03.2024

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल के साथ थानों के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः-**

आज दिनांक 28.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में थाना वजीरगंज, नवाबगंज खरगूपुर, कौड़िया पुलिस द्वारा आगामी त्योहरों गुड़फ्राइडे, जुमा-ए-अलविदा, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्री राम नवमी, प्रचलित रमजान माह व लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु स्थानीय पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ थानों के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी त्योहरों गुड़फ्राइडे, जुमा-ए-अलविदा, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्री राम नवमी व प्रचलित रमजान माह को शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने व लोकसभा समान्य चुनाव-2024 के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**